लोकसभा अध्यक्ष ने होली की पूर्व संध्या पर लोगों को शुभकामनाएं दीं

...

नई दिल्ली; 24 मार्च, 2024: लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने होली की पूर्व संध्या पर लोगों को शुभकामनाएं दी हैं। श्री बिरला ने अपने संदेश में कहा है,

"सम्पूर्ण देश के मेरे परिवार जनों, आप सभी को होली की राम - राम।

"होली रंगों और खुशियों का त्यौहार है। यह त्योहार समाज के सभी लोगों को साथ लाकर एकता और भाईचारे को बढ़ावा देता है। होली हमें सिखाती है कि बुराइयों का सदा नाश होता है, और अच्छाई हमेशा आगे बढ़ती है। हम भी इसी भावना के साथ जीवन में आगे बढ़ें।

प्रिय परिवार जनों; इसी साल भगवान श्री राम लला अयोध्या धाम में अपने भव्य और नव्य मंदिर में विराजमान हुए हैं। इसलिए भी यह होली हम सबके लिए विशेष है। यह त्योहार सबके जीवन में खुशहाली लेकर आए। यही भगवान श्री राम से मेरी प्रार्थना है।

इस अवसर पर, एक अपील मैं आप सब से करना चाहता हूँ कि हम जब त्योहार की खरीददारी करें, तो अपने लोकल दुकानदारों, रेहड़ी-ठेला लगाने वाले लोगों से करें। ताकि सब मिलकर त्योहार मना पाए।

इसी संदेश के साथ आप सबको एक बार फिर होली की राम राम।"